# AMRITA VIDYALAYAM
## ANNUAL EXAMINATION 2019 - 20

**Class : VII** | **Marks : 80**
**Time : 2½ hrs**

# हिन्दी

निर्देशः
1. इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं क, ख, ग, और घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

## खण्ड - क

**1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

लघु उद्योगों का अर्थ ऐसे छोटे उद्योग-धन्धों से है, जिन में बड़ी-बड़ी मशीनों की आवश्यकता नहीं पड़ती बल्कि थोड़ी पूँजी लगाकर, दस पंद्रह आदमियों को लगाकर ही चलाये जा सकते हैं। कुटीर उद्योग से अभिप्राय है, ऐसे धन्धे, जो घर में ही चलाये जा सकें। प्राचीन काल में ऐसे उद्योगों पर ही हमारे देश की समृद्धि निर्भर थी। आज भी पंजाब में दरियों का उद्योग, मेरठ का कैची उद्योग, कानपुर का चर्म उद्योग विख्यात है। भारतीय अर्थ व्यवस्था में कुटीर उद्योगों की विशेष महत्व है। इन उद्योगों से व्यक्ति की कलात्मक सृजनशीलता और प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलता है। समृद्ध कुटीर उद्योगें राष्ट्रीय स्वावलंबन के परिचायक हैं। इससे बेकारी की समस्या का समाधान होता है। लघु एवं कुटीर उद्योगों के समुचित विकास से ऐसे नये भारत का निर्माण हो सकेगा, जो आर्थिक दृष्टि से पूर्णतः स्वतंत्र और अत्यंत सुदृढ़ होगा।

क. लघु उद्योग से क्या तात्पर्य है? **2**

ख. भारत के प्रसिद्ध लघु एवं कुटीर उद्योग क्या-क्या है? **1**

ग. लघु एवं कुटीर उद्योगों से क्या-क्या लाभ है? **2**

**2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

संकटों से वीर घबराते नहीं।
आपदाएँ देख छिप जाते नहीं,
लग गए जिस काम में, पूरा किया,
काम करके व्यर्थ पछताते नहीं।

हो सरल अथवा कठिन हो रास्ता,
कर्मवीरों को न इससे वास्ता,
बढ़ चले तो अंत तक ही बढ़ चले,
कठिनतर गिरिश्रृंग ऊपर चढ़ चले।

कठिन पद को देख मुस्काते सदा,
संकटों के बीच वे गाते सदा।
है असंभव कुछ नहीं उनके लिए,
सरल संभव कर दिखाते वे सदा।

वह असंभव कायरों का शब्द है,
कहा था नेपोलियन ने एक दिन।
सच बताऊँ, जिंदगी ही व्यर्थ है,
दर्प बिन, उत्साह बिन, औ शक्ति बिन।

क. उपर्युक्त काव्यांश का एक शीर्षक दीजिए। 1

ख. कविता में वीरों की जिन विशेषताओं पर बल दिया गया है उनमें से चार प्रमुख विशेषताएँ लिखिए? 2

ग. किन विशेषताओं के बिना जीवन व्यर्थ है और क्यों? 2

## खंड - ख

**3. निम्नलिखित शब्दों के शब्दार्थ लिखिए।** 1

क. परिश्रम ख. खोजना ग. मायूस घ. उत्पीडन

**4. निम्नलिखित शब्दों के अंग्रेजी अर्थ लिखिए।** 1

क. खेवटिया ख. पर्व ग. ओझल घ. अमर

**5. निम्नलिखित शब्दों को दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।** 2

क. पक्षी ख. साधना

**6. रिक्त स्थन की पूर्ति कीजिए।** 1

क. ---------- कुंभ क्षिप्रा नदी के तट पर होता है।

ख. प्रयाग का कुंभ ---------- के संगम पर होता है।

**7. समूहवाचक शब्दों की जोड़ा बनाइए।** 2

| | | |
|---|---|---|
| क. | धागा | झुरमुट |
| ख. | लता | लच्छा |
| ग. | मधुमक्खी | कुंज |
| घ. | पेड़ | छत्तां |

**8. विशेषण और विशेष्य चुनकर लिखिए।** 1

क. नकली आदमी ख. इन चरणों में

**9. निम्नलिखित शब्दों के वाक्यों में प्रयोग कीजिए।** 2

क. तराई ख. रहन-सहन

**10. कोष्टक में दिए गए शब्दों में उचित प्रत्यय लगाकर रिक्त स्थान भरिए।** 1

क. तुम्हारी बातों पर सभी को -------- आ जाती है। (हँस)

ख. सोहन की --------- देखकर अचरज हुआ। (चतुर)

**11. वाक्य के भेद लिखिए।** 1

क. तुम अभी बाजार चले जाओ।

ख. किसी को भी तंग नहीं करना चाहिए।

**12. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।** **2**

क. सब कुछ जाननेवाला। ख. कम बोलनेवाला।

ग. जिसका कोई न हो। घ. माँस न खानेवाला।

**13. दिए गए दिनांक को शब्दों में लिखिए।** **2**

क. 19-5-1969 ख. 5-9-1847

## खंड - ग

14. व्यक्ति का कार्य सदैव श्रेष्ठ होता है। उसकी पहचान उसके नाम से नहीं बल्कि कार्य से होती है। इसपर अपना विचार प्रस्तुत कीजिए। **5**

**15. भावार्थ लिखिए।** **5**

"अगर चंदण की चिता बणाऊँ, अपणो हाथ जला जा"

**16. निम्नलिखित लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **12**

क. कवि के अनुसार जीवन की परिपूर्णता किसमें है?

ख. मीरा पर किसने और क्या आरोप लगाया?

ग. श्री रमाकांत आचरेकर कौन थे? सचिन के खेल-जीवन में उनका क्या योगदान है?

घ. रहमत को सिपाही क्यों पकड़कर ले जा रहे थे?

ङ. स्तूप किसे कहते हैं?

च. स्वतंत्र नेपाल की स्थापना किसने और कब किया?

**17. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **6**

क. भारत के विशाल मेलों में सबसे महत्वपूर्ण कुंभमेला है। इसका क्या कारण है?

ख. भारतीय जीवनशैली और नेपालियों की जीवन शैली में जो समानता है, उसका वर्णन कीजिए।

## खंड - घ

18. दो सहेलियों के बीच प्रदूषण को लेकर हुआ संवाद लिखिए। **5**

अथवा

शिक्षक और विद्यार्थी के बीच संवाद लिखिए।

**19. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए।** **6**

क. मेरे सपनों का भारत।

- परिचय
- विशेषता
- आपका सहयोग

ख. घर में शौचालय।

- जरूरत
- स्वास्थ्य का प्रतीक
- लाभ

20. नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को अपने मोहल्ले की सफाई के लिए आवेदन पत्र लिखिए। **5**

**21. पद्य पूरा कीजिए। (8 पंक्तियाँ)** **5**

मैं नहीं चाहता चिर सुख ---------- फिर शशि से ओझल हो घन।

22. शतकों के शहंशाह सचिन तेंदुलकर का परिचय दीजिए। **5**